Gram : "RED CROSS"

THROUGH HUMANITY TO PEACE

Phone : 0522-2231672
Fax : 0522-2625159

# Indian Red Cross Society

U.P. STATE BRANCH
(CONSTITUTED UNDER ACT XV OF 1920)

President
H.E THE GOVERNOR OF U.P.

"Red Cross Bhawan"
Raja Nawab Ali Road,
Opp. Kaiserbagh Bus Station,
Post Bag No. - 1,
Lucknow-226 001

Ref. No. IRCS/Comp/MISC/2020/55

Date 08-05-2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

विश्व रेडक्रास दिवस 08 मई को प्रतिवर्ष पूरे विश्व में रेडक्रास के जनक सर जीन हेनरी डयूनॅन्ट के जन्म दिवस के अवसर पर धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष रेडक्रास दिवस का थीम "Keep clapping for volunteers" है अर्थात् कोरोना महामारी से जूझ रहे पूरे प्रदेश में लोगो को राहत व जानकारी प्रदान करने वाले वालन्टियर्स को ताली बजाकर उनका उत्साह वर्धन करना है।

आज दिनांक 08.05.2020 को विश्व रेड कास दिवस पर पूर्वान्ह 11:30 बजे रेडकास भवन, लखनऊ में **सोशल व फिजिकल डिस्टेन्सिंग** का ध्यान रखते हुये संस्था के महासचिव डा० श्याम स्वरूप द्वारा सर जीन हेनरी ड्यूनॉन्ट की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर महासचिव ने अवगत कराया कि कोरोना महामारी का संक्रमण फैले होने के कारण विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर सभी लोगो को एक साथ बुलाना उचित नहीं है, इसलिये केवल कार्यालय के स्टाफ व कुछ वालिन्टयर्स के साथ इस कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। इस समय पूरे प्रदेश के 67 जिलों में कोरोना संक्रमण फैल चुका है जो कि पूरे प्रदेश के लिये बहुत ही गम्भीर विषय है इसलिये प्रदेश के सभी लोग सोशल डिस्टेन्सिंग का ध्यान रखे, कम से कम 20 सेकण्ड तक हैण्ड वॉश करे और घर से बाहर निकलते हुये मास्क का प्रयोग अवश्य करे क्योंकि कोरोना संक्रमण से बचाव की जिम्मेदारी हमारी स्वयं की है।

इस अवसर पर संस्था के अनुसचिव श्री जॉर्ज बेक ने बताया कि इन गम्भीर परिस्थितियों में रेडक्रास संस्था के सभी अधिकारी, स्टॉफ, वालन्टियर्स व मेम्बर्स अपनी पूरी लगन से पूरे प्रदेश में लोगो को राहत प्रदान कर रहे है।

संस्था के सभापति श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव एवं उपसभापति डा० हिमाबिन्दु नायक ने वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से वर्तमान समय में फैल रहे कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु कार्य कर रहे वालन्टियर्स का ताली बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया तथा सभी अधिकारी, स्टॉफ, वालन्टियर्स व मेम्बर्स को धन्यवाद दिया और पूरी सुरक्षा के साथ लोगो को मदद करते रहने हेतु प्रोत्साहित करते हुये कार्यक्रम का समापन किया।

संस्था द्वारा कैसरबाग चौराहे पर सभी कोरोना योद्धाओं के सांकेतिक चित्र बनाते हुये उन्हें पेन्टिंग के माध्यम से सम्मान दिया गया।

आज दिनांक 08 मई 2020 को रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेडक्रास सोसाइटी ने एन.डी.आर.एफ. के इंस्पेक्टर श्री धनंजय सिंह व उनकी टीम के साथ मिलकर एरा मेडिकल कॉलेज के निकट मलीन बस्ती को सेनिटाईज किया तथा वहां के लोगो को मॉस्क, साबुन, बिस्किट व कोरोना से बचाव के लिये हाथ धोने की प्रकिया, मास्क का प्रयोग, फिजिकल डिस्टेन्सिंग की जानकारी देते हुये कोरोना की जानकारी हेतु पम्पलेट वितरित किया गया।

आज दिनांक 08 मई 2020 को रेडक्रास दिवस के अवसर पर संस्था के महासचिव डा० श्याम स्वरूप जी ने रेडक्रास मुख्यालय नई दिल्ली के आदरणीय सभापति केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा० हर्षवर्धन, सेक्रेटरी जनरल व मैनेजिंग बोर्ड के मेम्बर के साथ वीडियों कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से विश्व रेडक्रास दिवस की सभी को बधाई दी तथा सभी वालन्टियर्स का ताली बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

अधिक जानकारी हेतु निम्न दूरभाष पर संपर्क करें।
श्री जॉर्ज बेक 07860636272

(जॉर्ज बेक)
अनुसचिव